रायगढ़, शुक्रवार
1.6.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

4 में पढ़ें- देश-विदेश की खबरें ....
6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....

» वर्ष-2 » अंक - 26 »

## एक नजर......

### पीएम 14 को छग दौरे पर आएंगे

**भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल**

रायपुर (आरएनएस)। बीजापुर प्रवास के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुनः 14 जून को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। श्री मोदी भिलाई के जयंती स्टेडियम से लगे मैदान में आयोजित विशाल सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। खबर के अनुसार प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पीएमओ ने भी मंजूरी दे दी है। पीएमओ से मिली मंजूरी के बाद प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का शेड्यूल तैयार किया जा रहा है। श्री मोदी छग दौर के दौरान भिलाई स्टील प्लांट के एक्सपेंसन का भी शुभारंभ कर सकते। इस प्रोजेक्ट से बीएसपी का उत्पादन करीब 60 फीसदी बढ़ जाएगा। यह प्रोजेक्ट सिर्फ छत्तीसगढ़ के लिहाज से नहीं बल्कि देश की स्टील इंडस्ट्री सेक्टर के लिहाज से भी बेहद अहम प्रोजेक्ट साबित होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री भिलाई में आईआईटी भवन का भी शिलान्यास करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री के पहले चरण के विकास यात्रा का समापन भी प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। विकास यात्रा का पहला चरण 12 मई को दंतेवाड़ा से शुरू हुआ था, जिसका समापन भिलाई-दुर्ग में होगा। जगदलपुर से शुरू होने वाली घरेलू विमान सेवा का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री के हाथों से कराया जा सकता है।

### नाबालिगों को नशे की सामाग्री उपलब्ध कराने पर होगी सात साल की सजा

कोरबा (आरएनएस)। नाबालिग बालको को यदि कोई दुकानदार/व्यवसायी किसी बालक को मादक लिकर या स्वापक औषधि या तम्बाकू उत्पाद या मनः प्रभावी पदार्थ देगा या दिलवाएगा वह कठोर कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी और जुर्माने से भी, जो एक लाख रूपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

### डॉ. रमन सिंह ने कहा - 'हमारी बहनें भी अब स्मार्ट फोन पर मुख्यमंत्री से हैलो-हैलो' ...कह कर बात कर सकेंगी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विकास यात्रा में छत्तीसगढ़ के 12 लाख 50 हजार श्रमवीरों को लगभग 250 करोड़ रूपए की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। पत्थर तोड़ने वाले, ईंट-गारा ढोने वाले तरह-तरह की मेहनत-मजदूरी के काम करने वाले इन श्रमवीरों को निःशुल्क साइकिल, सिलाई मशीन, टिफिन बॉक्स सहित अन्य कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री आज दोपहर विकास यात्रा के दौरान बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के तहसील मुख्यालय सिमगा में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। महिलाओं ने भी भारी संख्या में आमसभा में हिस्सा लिया। डॉ. रमन सिंह ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा - संचार क्रांति योजना (स्काई) के तहत अगले चार महीने में प्रदेश के 50 लाख परिवारों को निःशुल्क स्मार्ट फोन दिए जाएंगे। इन परिवारों की हमारी बहनें भी स्मार्ट फोन पर मुख्यमंत्री से 'हैलो-हैलो' कह कर बात कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कई प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

### कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार सजग : डॉ. रमन सिंह

0 महंगाई भत्ते और महंगाई राहत पर सालाना 500 करोड़ अतिरिक्त खर्च होंगे

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए सजग है। उन्होंने आज कहा कि प्रदेश सरकार के वित्त विभाग ने छठवें और सातवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश कल यहां मंत्रालय (महानदी भवन) से जारी कर दिया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त और दिवंगत पेंशनरों की पेंशन पर महंगाई राहत का भी आदेश जारी किया है। इन सब आदेशों के क्रियान्वयन पर सालाना लगभग 500 करोड़ रूपए अतिरिक्त खर्च होंगे।

### 4 जून से शुरू हो रही शिमला टू चंडीगढ़ हवाई टैक्सी, 3000 किराया और सारी टिकटें हुईं बुक

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश में चार जून से शुरू होने वाली हेली टैक्सी सेवा के तहत शिमला से चंडीगढ़ उड़ान के लिए पांच दिन पहले सभी सीटें बुक हो चुकी हैं। चंडीगढ़ से वापस शिमला उड़ान के लिए बुधवार तक केवल तीन सीटें बची थीं। पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों ने एडवांस बुकिंग करवाई है।जून में अन्य दिनों में होने वाली उड़ान के लिए भी एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। जून में होने वाली उड़ानों के लिए 50 लोगों ने एडवांस बुकिंग करवा दी है। हेली टैक्सी सेवा के तहत हेलीकॉप्टर शिमला के जुब्बड़हट्टी से सुबह आठ बजे उड़ान भरेगा और चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर करीब साढ़े आठ बजे उतरेगा।

# मलयेशिया पहुंचे मोदी, नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री महातिर से की मुलाकात

कुआलालंपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मलयेशिया पहुंचे। यहां वह देश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने पेरदाना पुत्रा कॉम्पलेक्स में महातिर के कार्यालय में मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया, 'दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने को लेकर बातचीत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



डॉक्टर महातिर को पद संभालने के लिए शुभकामनाएं दीं।'

मलयेशिया के प्रधानमंत्री के रूप में 92 वर्षीय महातिर मोहम्मद ने 10 मई को शपथ ली थी। दुनिया के सबसे उम्र दराज निर्वाचित नेता महातिर के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन ने हाल मे हुए आम चुनावों में बारिसन नैशनल (बीएन) गठबंधन पर अभूतपूर्व जीत हासिल की। बीएन मलयेशिया में 1957 से सत्ता में थी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर कहा कि मोदी भारत-मलयेशिया सहयोग के विभिन्न पहलूओं पर महातिर के साथ से चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया है, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुआलालंपुर पहुंच गए हैं।

### पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमले की साजिश नाकाम, आतंकियों को पकड़ने के लिए चलाया गया अभियान

श्रीनगर (आरएनएस)। दक्षिण कश्मीर के राजपोरा, पुलवामा में बुधवार को पुलिस स्टेशन पर एक आतंकी हमले की साजिश सतर्क संतरी की त्वरित कार्रवाई से नाकाम हो गई। जानकारी के अनुसार, रात करीब सवा नौ बजे राजपोरा पुलिस स्टेशन के बाहरी गेट पर तैनात संतरी ने थाने से कुछ दूरी पर दो से तीन संदिग्ध युवकों को देखा। संतरी ने उन्हें चेतावनी देते हुए रुकने और अपनी पहचान बताने के लिए कहा। इस पर संदिग्ध युवक वापस भागे। संतरी का संदेह शक में बदल गया और उसने गोली चला दी, लेकिन संदिग्ध युवक जो आतंकी थे वहां से भाग निकले।

## जोगी का वेंटिलेटर सपोर्ट हटा, पहले से बेहतर स्थिति में

रायपुर (आरएनएस)। दिल्ली के मेदांता में भर्ती प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता कांग्रेस छग के संस्थापक अजीत जोगी के स्वास्थ्य में लगातार सुधार आ रहा है। आज उनका वेंटिलेटर सपोर्ट भी निकाल दिया गया है।



आज दोपहर में मेदांता से जारी मेडिकल बुलेटिन में श्री जोगी के निजी चिकित्सक डॉ रमन जोगी (एमडी) ने बताया कि मेदांता अस्पताल ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ नरेश त्रेहान एवं अस्पताल के क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक डॉ यतिन मेहता और उनकी टीम लगातार श्री जोगी के इलाज में लगी हुई है। आज निमोनिया ठीक होने के बाद सी टी स्कैन एवं एक्स रे की रिपोर्ट सामान्य होने के कारण उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट से हटाकर सामान्य सांस लेने की प्रक्रिया पर स्थान्तरित किया गया है। उनके सभी शारीरिक मापदंड सुचारू रूप से पूरी तरह सचेत और सजग हैं। इस तरह श्री जोगी के स्वास्थ्य में लगातार सुधार आ रहा है।

इधर छग में सोशल मीडिया में आज सुबह से ही श्री जोगी के निधन की अफवाह खबरों ने लोगों में हड़कंप मचाया रखा। सोशल मीडिया में श्री जोगी के निधन की झूठी खबरें पाकर लोग एक-दूसरे से संपर्क कर इसकी पुष्टि करते रहे।

## उपचुनाव नतीजों पर बोले केजरीवाल, 'लोगों में मोदी जी के खिलाफ गुस्सा'

नयी दिल्ली (आरएनएस)। देश भर में हुए 4 लोकसभा और 10 विधानसभा उपचुनावों के शुरुआती रुझान के साथ ही सियासी बयानबाजी भी शुरू हो गई है। कैराना और नूरपुर में बीजेपी की हार को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी कहा कि उपचुनाव साफ संकेत हैं कि देश में अब लोग मोदी सरकार को हटाना चाहते हैं। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने



भी समर्थन के लिए जनता को धन्यवाद दिया। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'आज के नतीजे दिखाते हैं की देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ लोगों में बहुत ज्यादा गुस्सा है। अभी तक लोग पूछते थे विकल्प क्या है? अब लोग कह रहे हैं कि मोदी जी विकल्प नहीं हैं, पहले इन्हें हटाओ। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने ट्वीट किया, 'जनता के प्रेम, समर्थन और विश्वास के आगे विनम्रतापूर्वक नतमस्तक हूं। यह जनता की जीत है। आप सबों को हार्दिक बधाई और धन्यवाद।' अररिया के जोकीहाट में आरजेडी उम्मीदवार की जीत हुई है। उपचुनाव के नतीजों के अब तक के रुझान बीजेपी के लिए कोई बहुत अच्छी खबर नहीं कही जा सकती है।

## एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के रायपुर संभाग के महासमुंद जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में एक ही परिवार



के चार लोगों की अज्ञात लोगों ने फावड़ा से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका योग माया साहू उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एएनएम के पद पर पदस्थ थी। हत्या की खबर फैलते ही मृतका के घर के बाहर तीन बजे रात से ही लोगों का जमावाड़ा बना रहा। खबर लगते ही पुलिस के आलाधिकारी घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज की। जानकारी के अनुसार किशनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र एएनएम योग माया साहू का परिवार निवास करता था। बीती रात अज्ञात लोगों ने किशनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में घूसकर एएनएम योगमाया साहू, उनके पति चेतन साहू और दो बच्चे तन्मय और कुनाल साहू की फावड़ा से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जाता है कि पति चेतन साहू राजधानी के एक निजी अस्पताल में पीआरओ था। शनिवार को ही वह घर किशनपुर आया था।

## मकान में निकले 500 सांप, घर वाले परेशान

अलीगढ़ (आरएनएस)। पिसावां क्षेत्र के गांव मढ़ा हवीवपुर में एक ही घर में सुबह से लगातार सांप निकल रहे हैं। सांपों के निकलने से गांव के लोगों में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने आसपास के सपेरों को बुला लिया है। आसपास के गांवों के लोग भी सांप देखने को पहुंच रहे हैं। गांव के हेमन्त शर्मा ने 12 दिन पहले अपने घर में सफाई की थी। उसी समय उन्हें दो छोटे सांप दिखाई दिए, जिन्हें मार दिया था। अगले दिन किचन व बाथरूम में कई सांप रेंगते देखे।



सांपों के डर से परिवार के लोग घर से बाहर निकल गए। सांपों के भय से हेमंत का परिवार एक हफ्ते से खाना भी दूसरों के घर बना रहा था। घर के सदस्य जरूरी सामान लेने घर जाते थे तो दरवाजे से न निकल कर पड़ौसियों की छत व दीवारों पर चढ़ कर घर में जाते थे। हेमंत की पत्नी नेहा देवी तो दो साल की बेटी स्मृति को सारे दिन पड़ोस के घर में रखतीत्र हेमंत का कहना है कि हर रोज घर में कभी 30 तो कभी 50 सांप निकल रहे थे।

### सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा : शहर के 16 परीक्षा केंद्रों में 3 जून को होगी परीक्षा



बिलासपुर (आरएनएस)। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2018 को परीक्षा का आयोजन 3 जून को दो सत्रों में किया जाएगा।

यह परीक्षा का दो सत्रों में पूर्वान्ह 9.30 बजे से 11.30 तक एवं अपरांन्ह 2.30 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर पी. दयानंद ने परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए परीक्षा केंद्रवार स्थानीय निरीक्षण अधिकारी नियुक्त किये हैं। जो इस प्रकार है।

## आम आदमी पार्टी ने जारी की प्रत्याशियों की दूसरी सूची

**31 नामों में 7 महिला प्रत्याशी भी शामिल**

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने आज अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। दूसरी सूची में 31 प्रत्याशियों के नाम शामिल किया गया है, जिसमें 7 महिलाओं के नाम भी शामिल हैं।

आप से जारी दूसरी सूची के अनुसार भरतपुर सोनहत की जनपद अध्यक्ष सुखवंतीन सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। भाटापारा सीट से राष्ट्रीय कुश्ती और कराते टीम की सदस्य रहीं कात्यानी शर्मा को पार्टी ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है।

## जोगी की फर्जी खबर फैलाने वालों पर शिकायत करने थाना पहुचे जनता कांग्रेस जोगी कार्यकर्ता

कवर्धा (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री और जनता कांग्रेस के सुप्रीमो माननीय अजित जोगी के संदर्भ में कुछ विरोधियों द्वारा सुनियोजीत झूठी खबर फैलाने के खिलाफ मामला दर्ज कराने शहरजिलाअध्यक्ष हिफ्जुल खान और युवा जनता कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुनील केशरवानी, मुकेश झारिया, सूर्यकान्त महोबे, ईश्वरी साहू छात्रविंग शहर जिलाअध्यक्ष वाल्मीकि वर्मा, सुनील यादव के साथ जनता कांग्रेस, युवा जनता कांग्रेस, छात्र विंग सिटी कोतवाली थाना पहुँचे ।

## सरकार के प्रयासों से नक्सलगढ़ में लिखी जा रही विकास की नयी गाथा

बीजापुर (आरएनएस)। नक्सलगढ़ बीजापुर जिले का विकास तेजी से हो रहा है। प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के लगातार प्रवास के चलते विकास की गति ने तेजी पकडी है। बीजापुर के विधायक तथा वनमंत्री विकास को लेकर चिंतित हैं। अब प्रदेश के मुखिया एवं वनमंत्री के प्रयासों से आंध्र प्रदेश से बीजापुर का भोपालपटनम जुड़ जायेगा। सोलह सौ करोड की लागत से 210 किमी लंबाई के पुरूर-झलमला-कुसुमकसा-शेरपार-मानपुर राष्टीय राजमार्ग 930 की मंजूरी होने के बाद कार्य केन्द्रीय सड़क निधि से हो रहा है। इस रास्ते में

### शीघ्र ही आंध्र एवं महाराष्ट्र से जुड़ेगा बीजापुर जिला




शुरूवाती काम करने का प्रयास किया जा रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब आंध्र और महाराष्ट से लोगों की आवाजाही शुरू हो जायेगी। प्रधानमंत्री के प्रवास के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए किये गये शासन के प्रयास में लोगों का विश्वास जागा है। वनमंत्री महेश गागडा ने बताया कि तमाम विसंगतियों और अशांति के बावजूद अंदरूनी क्षेत्रों में अपेक्षा अनुसार विकास हो पा रहा है।

श्री गागडा ने कहा कि भ्रष्टाचार पर कडाई से अंकुश लगाना भी समय की एक बडी जरूरत है। उन्होंने कहा कि शासन की बढती कामयाबी के लिए यह बढता भ्रष्टाचार एक ग्रहण के समान है जिससे एक ओर अगर समाज में शोषण बढता है तो दूसरी ओर शासकीय कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400